Publication Name: Jansatta
Publication Date: 04/03/2026
Edition: Delhi
Page No: 12
CCM: 119.33

Amit Shah to Address Cooperative Conference in Haridwar

अमित शाह हरिद्वार में सहकारिता सम्मेलन को करेंगे संबोधित

जनसत्ता संवाददाता
हरिद्वार, 3 मार्च।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एक दिन के दौरे पर उत्तराखंड आ रहे हैं। वह हरिद्वार में सहकारिता के एक विशाल सम्मेलन को संबोधित करेंगे और साथ ही रहे उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार के 4 साल पूरे होने के मौके पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे जिस प्रदर्शनी का नाम है धामी सरकार 4 साल बेमिसाल।

केंद्रीय गृहमंत्री का दो महीने में उत्तराखंड का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वह 21 जनवरी को हरिद्वार के बैरागी कैंप कनखल में शांतिकुंज के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आए थे और अब भी सहकारिता विभाग उत्तराखंड ने बैरागी कैंप में सहकारिता विभाग का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया है बहुत बड़ा पंडाल यहां पर लगाया गया है आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समारोह स्थल बैरागी कैंप का दौरा किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का उत्तराखंड आगमन राज्य के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं।